PREVIOUS YEAR PAPER

RRB Group D 2022 — 23 August 2022, Shift 1

RRB Group D · 23 August 2022 · 9:00 AM - 10:30 AM

88 of the paper's 100 questions · +1 for a correct answer, −0.33 for a wrong one · 90 minutes

Left out of the original paper: 12 (any question that needs a figure or formatting we cannot show, has no answer in the response sheet, or could not be checked against a second copy of the paper).

The official booklet is a scan with no text; ExamBharo typed this paper from it by hand. Report a typing slip through exambharo.com/contact/.

Questions from the Railway Recruitment Board's paper of 23 August 2022, 9:00 AM - 10:30 AM. Each question is followed by its answer, and the answer key is repeated on the last page.

Take it as a timed practice test: exambharo.com/rrb-group-d/previous-year-papers/rrb-group-d-2022-23-aug-shift-1/

Computer Based Test

1. उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(7, 175, 5)
(6, 294, 7)

(a) (3, 192, 8)
(b) (5, 140, 7)
(c) (6, 216, 5)
(d) (8, 412, 9)

Answer: (a)

2. निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम ईस्ट इंडिया कंपनी के विभिन्न अंगों की शक्तियों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करते हुए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया था?

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(b) विनियमन अधिनियम, 1773
(c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
(d) पिट्स इंडिया एक्ट, 1784

Answer: (b)

4. CSIR जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत बच्चों के लिए पहली भारतीय वर्चुअल साइंस लैब किसने लॉन्च की है?

(a) डॉ. वीरेंद्र कुमार

(b) धर्मेंद्र प्रधान

(c) डॉ. जितेंद्र सिंह

(d) अमित शाह

Answer: (c)

5. एक सम बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण का माप 120° है। इस बहुभुज की कितनी भुजाएं हैं?

(a) 7
(b) 8
(c) 5
(d) 6

Answer: (d)

8. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है कि 'मंत्रिपरिषद लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी'?

(a) अनुच्छेद 75 (3)
(b) अनुच्छेद 80 (4)
(c) अनुच्छेद 75 (1)
(d) अनुच्छेद 75 (2)

Answer: (a)

9. क्लोर-क्षार (chlor-alkali) प्रक्रिया में, क्लोर क्लोरीन गैस को निरूपित करता है और क्षार _____ को निरूपित करता है।

(a) $CaCO_3$
(b) ZnO
(c) $Ca(OH)_2$
(d) NaOH

Answer: (d)

10. चार सहेलियां - हिमानी, शलाका, मिताली और बृंदा, एक वर्गाकार मे[illegible] चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। वे चारों मेज के कोनों पर बैठी हैं। हिमानी, बृंदा के दाईं ओर ठीक बगल में है। मि[illegible], शलाका के बाईं ओर ठीक बगल में है। हिमानी, शलाका के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। कुछ समय के बाद, हिमानी अप[illegible]ती है, और कामिनी उसका स्थान ले लेती है। इसी तरह, तारा, बृंदा का स्थान ले लेती है। अब तारा के बाईं ओर ठीक बगल में कौन [illegible]

(a) कामिनी
(b) शलाका
(c) मिताली
(d) बृंदा

Answer: (b)

11. यदि A, किसी वस्तु को ₹384 में खरीदता है, और उसे ₹576 में बेचता है, और B, दूसरी वस्तु को ₹1,254 में खरीदता है, और उसे ₹ 1,672 में बेचता है। A के प्रतिशत लाभ और B के प्रतिशत लाभ का अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 5/2
(b) 3/4
(c) 3/2
(d) 5/3

Answer: (c)

12. निम्न में से कौन सा हाइड्रोकार्बन समूह CnH2n के सामान्य सूत्र का अनुसरण करता है?

(a) एल्काइन (Alkyne)

(b) एल्केन (Alkane)

(c) एल्किल (Alkyl)

(d) एल्कीन (Alkene)

Answer: (d)

13. इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?
कथन: C ≤ F < E = D > G ≥ H < I
निष्कर्ष:
I. D > C
II. E < H

(a) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

(b) केवल निष्कर्ष I सही है।

(c) केवल निष्कर्ष II सही है।

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Answer: (b)

14. एक सही समय बताने वाली घड़ी की सेकंड वाली सुई द्वारा 12 मिनट में तय की गई कोणीय दूरी कितनी होगी?

(a) 5120°

(b) 4320°

(c) 4762°

(d) 5611°

Answer: (b)

15. निम्नलिखित में से कौन सी, यमुना नदी प्रणाली की सहायक नदी नहीं है?

(a) चिनाब

(b) हिंडन

(c) चंबल

(d) सिंद

Answer: (a)

16. ट्वेंटी पॉइंट प्रोग्राम (TPP) भारत सरकार द्वारा _____ में शुरू किया गया था।

(a) 1980

(b) 1990

(c) 1985

(d) 1975

Answer: (d)

17. 'निशागंधी नृत्य उत्सव' इनमें से किस राज्य में मनाया जाता है?

(a) केरल

(b) कर्नाटक

(c) उत्तर प्रदेश

(d) तमिलनाडु

Answer: (a)

18. A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरु होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले किसी एक सप्ताह के अलग-अलग दिन होनी है। सप्ताह में गुरुवार एकमात्र अवकाश का दिन है, जिस दिन कोई परीक्षा आयोजित नहीं की जानी है। E की परीक्षा शनिवार को है। A और F की परीक्षाओं के बीच एक दिन का अंतर है, जो कि अवकाश का दिन है। D की परीक्षा, F की परीक्षा के ठीक पहले है, लेकिन C की परीक्षा के ठीक बाद है। B की परीक्षा रविवार को है। D की परीक्षा किस दिन आयोजित की जानी है?

(a) सोमवार

(b) शुक्रवार

(c) बुधवार

(d) मंगलवार

Answer: (d)

19. एक कथन और उसके बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

इमारत की बाहरी दीवारों में कई दरारें हैं, जिनकी मरम्मत दीवार की पेंटिंग होने से पहले की जानी चाहिए, जिससे बाद में रिसाव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

धारणा:

I. बाहरी दीवारों को पेंट करने से रिसाव की समस्याएं हो सकती हैं।

II. बाहरी दीवारों में दरारों के कारण रिसाव की समस्याएं हो सकती हैं।

(a) धारणा I और II, दोनों निहित हैं

(b) केवल धारणा II निहित है

(c) केवल धारणा I निहित है

(d) न तो धारणा I, और न ही II निहित है

Answer: (b)

20. राजकोषीय नीति, _____ की नीति है।

(a) सरकार

(b) नाबार्ड (NABARD)

(c) आरबीआई (RBI)

(d) सरकार और आरबीआई (RBI) दोनों

Answer: (a)

21. Which of the following materials is preferably used in making heating elements of electrical heating devices?

(a) Constantan
(b) Nichrome
(c) Tungsten
(d) Tin-lead alloy

Answer: (b)

22. फरवरी 2022 में, भारत _____ एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाला दुनिया का पहला देश बना।

(a) 1000
(b) 1100
(c) 800
(d) 900

Answer: (a)

23. एक अवतल दर्पण मुख्य अक्ष पर किस स्थान पर, किसी वस्तु का अत्यधिक छोटा, वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब निर्मित करता है?

(a) 2F
(b) F और 2F के मध्य
(c) F
(d) 2F से परे

Answer: (c)

25. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

(a) समचतुर्भुज के आसन्न कोणों के किसी भी युग्म का 180° होता है।
(b) समचतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को समकोण पर समद्विभाजित करते हैं।
(c) सभी वर्ग समचतुर्भुज होते हैं।
(d) एक समचतुर्भुज की सभी भुजाएं सर्वांगसम होती हैं।

Answer: (a)

27. 12 ÷ 3 × (7 + 8 - 3) का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 48
(b) 1/13
(c) 24
(d) 6/13

Answer: (a)

28. उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
13, 27, 56, 115, 234,?

(a) 473
(b) 346
(c) 332
(d) 482

Answer: (a)

29. जून 2022 तक, इनमें से कौन सी भाषा भारत की शास्त्रीय भाषा नहीं है?

(a) बंगाली
(b) तमिल
(c) ओड़िया
(d) संस्कृत

Answer: (a)

30. 21 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, प्रत्येक विद्यार्थी ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। P का स्थान नीचे से 9वां है, जबकि Q का स्थान ऊपर से 9वां है। कितने विद्यार्थियों के स्थान Q और P के बीच हैं?

(a) 3
(b) 4
(c) 2
(d) 5

Answer: (a)

31. जन्म नियंत्रण के लिए उपयोग की जाने वाली मुखी गोलि[illegible]ार्मोनल संतुलन को परिवर्तित कर देती हैं। इनके द्वारा गर्भावस्था को रोकने के सही तरीके का चयन कीजिए।

(a) अंडाणु मुक्त होते हैं, लेकिन निषेचन नहीं होता है
(b) अंडाणुओं का निर्माण नहीं होता है
(c) गर्भाशय का आस्तर टूट जाता है
(d) अंडाणु मुक्त नहीं होते हैं, और निषेचन नहीं होता है

Answer: (d)

32. यौगिक X एक पारदर्शी क्रिस्टलीय ठोस है। इसमें स्वच्छक गुण हैं, और इसका उपयोग कांच के विनिर्माण में किया जाता है। यौगिक X की पहचान कीजिए।

(a) बेकिंग सोडा
(b) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(c) धावन सोडा
(d) ब्लीचिंग पाउडर

Answer: (c)

33. आंकड़ों 9, 3, 5, 4, 4, 5 और y का माध्य y है। इन आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

(a) 9
(b) 4
(c) 3
(d) 5

Answer: (d)

34. Which of the following home appliances does NOT use an electric motor?

(a) Electric mixer
(b) Electric washing machine
(c) Electric iron
(d) Electric fan

Answer: (c)

35. तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
1. सभी ब्लेज़र डंगरी हैं।
2. कोई भी डंगरी स्कार्फ़ नहीं है।
3. सभी पजामा डंगरी हैं।
निष्कर्ष:
I. कोई भी ब्लेज़र स्कार्फ़ नहीं है।
II. कोई भी ब्लेज़र पजामा नहीं है।
III. कुछ ब्लेज़र पजामा हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।
(c) कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

Answer: (a)

36. भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील किस राज्य में स्थित है?

(a) गुजरात
(b) ओडिशा
(c) महाराष्ट्र
(d) असम

Answer: (b)

37. एक व्यक्ति बिंदु L से शुरू करके दक्षिण की ओर 125 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 70 m चलता है। वहां से, वह पुनः बाएं मुड़ता है, और 80 m चलता है। उसके बाद, वह पुनः बाएं मुड़ता है, और 115 m चलता है। अंत में, वह दाएं मुड़ता है, और 45 m चलकर बिंदु M तक पहुंचता है। बिंदु M, बिंदु L से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

(a) 90 m, उत्तर

(b) 45 m, पूर्व

(c) 45 m, पश्चिम

(d) 90 m, पूर्व

Answer: (c)

38. प्रत्येक 4 Ω के दो प्रतिरोध 5 V बैटरी स्रोत के साथ समानांतर क्रम में संयोजित हैं। परिपथ में प्रवाहित कुल धारा का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 5 A

(b) 10 A

(c) 2.5 A

(d) 20 A

Answer: (c)

39. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर श्रृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।

C _ P R _ D T _ R N _ T _ R N _ T P _ N

(a) P N P E R F P

(b) T N T E P F P

(c) T N P E P F R

(d) T P N D P F R

Answer: (c)

40. निम्नलिखित में से कौन सा, संविधान के अनुसार भारत में पंचायती राज व्यवस्था का हिस्सा नहीं है?

(a) जिला पंचायत

(b) पंचायत समिति

(c) ग्राम निगम

(d) ग्राम पंचायत

Answer: (c)

42. मटर के पौधों पर मेंडल के प्रयोगों के कुछ निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं, जिनमें से एक के अलावा अन्य सभी सही हैं। गलत निष्कर्ष का चयन कीजिए।

(a) जीनों का पृथक्करण युग्मकों के निर्माण के दौरान होता है।

(b) प्रत्येक युग्मक में एक ही जीन के दो प्रतिरूप होते हैं।

(c) जीन विशिष्ट इकाइयों के रूप में वंशागत होते हैं।

(d) जीन युग्मों में आते हैं।

Answer: (b)

43. दस वर्ष पहले, एक मां की आयु उसके पुत्र की आयु की 3 गुनी थी। 5 वर्ष पहले, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की 5/2 गुनी थी। उसकी वर्तमान आयु कितनी है?

(a) 55 वर्ष

(b) 30 वर्ष

(c) 35 वर्ष

(d) 45 वर्ष

Answer: (a)

44. तीन संख्याएं एक दूसरे से इस प्रकार सह-अभाज्य (co-prime) हैं, कि उनमें से पहली दो संख्याओं का गुणनफल 357 है, और अंतिम दो संख्याओं का गुणनफल 609 है। तीनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

(a) 75
(b) 67
(c) 91
(d) 83

Answer: (b)

45. The sum of three consecutive multiples of 9 is 2457, find the largest one.

(a) 999
(b) 819
(c) 828
(d) 990

Answer: (c)

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें, और सही उत्तर का चय॰,
कथन- I: अधिकांश कार्बन यौगिक विद्युत के कुचालक होते हैं।
कथन- II: कार्बन यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक निम्न होते हैं।

(a) दोनों कथन असत्य हैं।

(b) दोनों कथन सत्य हैं।

(c) कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

(d) कथन-I सत्य है, और कथन-II असत्य है।

Answer: (b)

49. रासायनिक अभिक्रिया के दौरान किसी विलयन में बनने वाले अविलेय पदार्थ को _____ कहा जाता है।

(a) अवशिष्ट

(b) अवक्षेप

(c) विलेय लवण

(d) जलीय विलयन

Answer: (b)

50. मार्च 2022 में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सितंबर 2022 तक विस्तारित दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम इनमें से कौन सा है?

(a) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

(b) अन्नपूर्णा योजना

(c) प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

(d) स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना

Answer: (c)

51. Which physiographic division covers a distance of 2500 km from Indus to Brahmaputra in west-east direction?

(a) Coastal plains

(b) Peninsular plateau

(c) Himalayan mountains

(d) Northern plains

Answer: (c)

52. मार्च 2022 में, किस भारतीय क्रिकेटर ने मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेला?

(a) रोहित शर्मा

(b) इशांत शर्मा

(c) विराट कोहली

(d) रविचंद्रन अश्विन

Answer: (c)

53. तेरह क्रमागत पूर्णांकों का औसत 36 है। यदि इन 13 पूर्णांकों में से सबसे छोटे पूर्णांक के दो गुने को इन 13 पूर्णांकों में से सबसे बड़े पूर्णांक में जोड़ दिया जाए, तो प्राप्त योगफल कितना होगा?

(a) 102

(b) 110

(c) 121

(d) 115

Answer: (a)

55. 45, 78 और 117 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

(a) 5

(b) 7

(c) 3

(d) 9

Answer: (c)

56. यदि चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गई कोई धनराशि 10 वर्ष में स्वयं की दोगुनी हो जाती है, तो समान ब्याज दर पर समान धनराशि कितने वर्ष में स्वयं की 16 गुनी हो जाएगी?

(a) 20
(b) 40
(c) 10
(d) 30

Answer: (b)

57. संख्या 813924765 के प्रत्येक अंक को आरोही क्रम में बाएं से दाएं की ओर व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

(a) दो
(b) एक
(c) तीन
(d) शून्य

Answer: (a)

58. एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके विकर्णों की लंबाइयां 12 cm और 15 cm हैं।

(a) 45 cm^2
(b) 80 cm^2
(c) 60 cm^2
(d) 90 cm^2

Answer: (d)

59. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मा[illegible]ाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

125.99 - 35.92 + 3.89 × 16.11 =?

(a) 158
(b) 154
(c) 166
(d) 150

Answer: (b)

60. चार मकान A, B, C और D एक ही कॉलोनी में स्थित हैं। मकान A, मकान D के उत्तर में 300 m की दूरी पर स्थित है। मकान C, मकान B के पूर्व में 400 m की दूरी पर स्थित है। मकान A, मकान B के दक्षिण में 300 m की दूरी पर स्थित है। मकान D, मकान B के सापेक्ष किस दिशा में स्थित है?

(a) पश्चिम
(b) पूर्व
(c) उत्तर
(d) दक्षिण

Answer: (d)

61. Kidney is an organ of excretion and osmoregulation in humans. Regulation of which two substances is done by the kidneys?

(a) CO2 and proteins
(b) Water and O2
(c) Water and salts
(d) Sugar and salts

Answer: (c)

62. √144 + √0.0169 - √4.41 का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 14.23
(b) 11.2
(c) 15.4
(d) 10.03

Answer: (d)

63. तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
सभी स्केच कार्ड हैं।
सभी कार्ड पोस्टर हैं।
कुछ स्केच फोल्डर हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ फोल्डर पोस्टर हैं।
II. कुछ कार्ड फोल्डर हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Answer: (d)

64. यदि $x^2 + xy + x = 18$ और $y^2 + xy + y = 24$ है, तो $x + y$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) -6 या 7
(b) -5 या 6
(c) 6 या -7
(d) 5 या -6

Answer: (c)

65. एक निश्चित कूट भाषा में, ROUTINE को UORTENI लिखा जाता है, और PLAYERS को ALPYSRE लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में BANKING को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) NABKGNI

(b) NBAIGKN

(c) BNAKIGN

(d) NABGNIK

Answer: (a)

66. 12 cm व्यास वाले एक गोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

(a) 288π cm^3

(b) 864π cm^3

(c) 284π cm^3

(d) 248π cm^3

Answer: (a)

68. एक निश्चित कूट भाषा में, TOUGH को 20152178 लिखा जाता है, और PLEAD को 1612514 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में CLOVE को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) 31115215

(b) 31315235

(c) 31215225

(d) 31215324

Answer: (c)

69. उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच व बंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोटः संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त ा पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर हां की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(4, 3, 16)
(3, 5, 19)

(a) (8, 1, 18)

(b) (3, 2, 12)

(c) (8, 2, 20)

(d) (5, 2, 49)

Answer: (c)

70. वर्ष 2000 में, मोनू की आयु उसकी बहन की आयु की 3 गुनी थी। 2010 में, उसकी आयु उसकी बहन की आयु से 24 वर्ष अधिक थी। 2010 में मोनू की आयु ज्ञात कीजिए।

(a) 46 वर्ष

(b) 38 वर्ष

(c) 52 वर्ष

(d) 62 वर्ष

Answer: (a)

72. हल कीजिए: 2(5x - 3) + 3(3x - 5) = 93

(a) x = 6

(b) x = 9

(c) x = -9

(d) x = -6

Answer: (a)

73. द्विघात समीकरण 6 - $5x^2$ - 8x = 0 के मूलों का गुणनफल क्या होगा?

(a) 8/5

(b) 6/5

(c) -6/5

(d) -8/5

Answer: (c)

74. A, B, C और D नामक 4 व्यक्ति एक सीधी पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। A और C एक दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठे हैं, जबकि C और B एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी बैठक व्यवस्था संभव नहीं है?

(a) DABC

(b) BCAD

(c) CBAD

(d) ABCD

Answer: (b)

75. निम्न अक्षर-समूह युग्मों में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का पालन करते हुए दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। इन युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो निम्न युग्मों के समान तर्क का पालन करता हो।
TOP: VRU
XOR: ZRW

(a) NOR: PRW

(b) NET: PGY

(c) TOM: VRQ

(d) QIP: SLV

Answer: (a)

76. ($3^0 + 3^{-2} + 3^{-1}$) × 27 का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 23

(b) 3

(c) 39

(d) 32

Answer: (c)

77. एक बाइक 50 km/h की चाल से चलती हुई अपने गंतव्य स्थान पर 10 मिनट देरी से पहुँचती है। यदि यह 60 km/h की चाल से चलती है तो यह 5 मिनट देरी से पहुँचती है। समान मार्ग पर सामान्य चाल से यात्रा को पूरा करने के लिए, और समय पर पहुँचने के लिए बाइक को कितने मिनट लगेंगे?

(a) 12 मिनट

(b) 25 मिनट

(c) 15 मिनट

(d) 20 मिनट

Answer: (d)

78. पानी से भरे बीकर के अंदर रखे नींबू आकार में अपेक्षाकृत बड़े दिखाई देते हैं, इसका कारण क्या है?

(a) प्रकाश का वर्ण-विक्षेपण

(b) प्रकाश का अपवर्तन

(c) प्रकाश का प्रकीर्णन

(d) प्रकाश का परावर्तन

Answer: (b)

79. एक अवतल लेंस से 30 cm की दूरी पर रखी गई वस्तु द्वारा लेंस से 10 cm की दूरी पर एक आभासी सीधा प्रतिबिंब निर्मित होता है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन _____है।

(a) -1/3

(b) -3

(c) 1/3

(d) 3

Answer: (c)

80. मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी, मदर टेरेसा द्वारा _____ में स्थापित एक कैथोलिक धार्मिक धर्म-संगति (Catholic religious congregation) है।

(a) 1952

(b) 1947

(c) 1950

(d) 1954

Answer: (c)

81. महेश द्वारा कारखाने में एक वस्तु का उत्पादन करने की लागत ₹2,000 थी। उत्पाद को कारखाने से शोरूम तक ले जाने के लिए उसे उत्पादन लागत के 10% के बराबर खर्च करना पड़ा। शोरूम से वह उत्पाद को उस कीमत पर बेचता है, जो महेश द्वारा वस्तु के उत्पादन और परिवहन में खर्च की गई कुल लागत से 15% अधिक थी। महेश शोरूम से उत्पाद को किस मूल्य पर बेचता है?

(a) ₹2,500

(b) ₹2,530

(c) ₹2,300

(d) ₹2,250

Answer: (b)

82. एक विक्रेता किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 30% की छूट देता है, और फिर भी वह 10% का लाभ कमाता है। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)?

(a) 45.45%
(b) 26.67%
(c) 33.33%
(d) 57.14%

Answer: (d)

83. निम्न में से क्या ओज़ोन परत के क्षरण का परिणाम नहीं है?

(a) सुनामी
(b) सूर्य से पृथ्वी पर अधिक पराबैंगनी किरणें आना
(c) प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना
(d) त्वचा कैंसर

Answer: (a)

84. एक धनराशि को चार सदस्यों A, B, C और D के बीच 4 : 7: 9 : 3 के अनुपात में बांटा जाना है। यदि C को D से ₹720 अधिक मिलते हैं, तो D का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

(a) ₹160
(b) ₹360
(c) ₹480
(d) ₹240

Answer: (b)

85. गंगा नदी के कॉलीफार्म जीवाणु द्वारा प्रदूषित होने का मुख्य [illegible]या है?

(a) उद्योगों से निकले रासायनिक अपशिष्ट
(b) अदग्ध शवों का विसर्जन
(c) अनुपचारित सीवेज का इसमें डाला जाना
(d) कपड़े धोना

Answer: (c)

86. वे श्रमिक जो अपनी आजीविका कमाने के लिए किसी उद्यम के मालिक हैं और उसका संचालन भी करते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

(a) सरकारी नौकरीपेशा श्रमिक
(b) स्वनियोजित श्रमिक
(c) भाड़े के श्रमिक
(d) नियमित वेतनभोगी नियोजित श्रमिक

Answer: (b)

87. पौधों में परिवहन की कुछ विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया है। कौन सा विकल्प गलत विशेषता को दर्शाता है?

(a) जाइलम जल का परिवहन करता है, और फ्लोएम भोजन का परिवहन करता है

(b) जल और भोजन दोनों की गति द्विदिशीय होती है

(c) वाहिकाएं (Vessels) और वाहिनिकाएं (Tracheids) मृत कोशिकाएं होती हैं, और चालनी नलिकाएं (Sieve tubes) जीवित कोशिकाएं होती हैं

(d) जल की गति साधारण भौतिक बलों द्वारा होती है; भोजन की गति के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है

Answer: (b)

88. केंद्रीय बजट 2022-23 में सहकारी समितियों के अधिभार को _____ से घटाकर 7% करना प्रस्तावित है, जिनकी आय ₹1 करोड़ से ₹10 करोड़ के बीच है।

(a) 11%
(b) 10%
(c) 9%
(d) 12%

Answer: (d)

89. एक साइकिल चालक 2.5 km की दूरी 4 मिनट 10 सेकंड में तय करता है। समान चाल से 6 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

(a) 12 मिनट

(b) 9 मिनट

(c) 11 मिनट

(d) 10 मिनट

Answer: (d)

90. भारत के किस राज्य से इसरो (ISRO) ने विकास इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जो भारत के पहले मानव-वाहक रॉकेट गगनयान को शक्ति प्रदान करेगा?

(a) राजस्थान

(b) पंजाब

(c) हरियाणा

(d) तमिलनाडु

Answer: (d)

91. डायनमो में विद्युत धारा _____ के सिद्धांत का उपयोग करके उत्पन्न की जाती है।

(a) विद्युत चुंबकीय प्रेरण

(b) विद्युत चुंबकीय विकिरण

(c) विद्युत चालन

(d) विद्युतचुंबकत्व

Answer: (a)

92. चयनित पारगम्य झिल्लियां वे झिल्लियां हैं जो इनमें से किसको प्रवेश की अनुमति देती हैं?

(a) केवल विलायक अणुओं, परंतु विलेय अणुओं को नहीं

(b) केवल विलेय अणुओं, परंतु विलायक अणुओं को नहीं

(c) न तो विलायक और न ही विलेय अणुओं

(d) विलायक और विलेय दोनों अणुओं

Answer: (a)

93. दी गई द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में, p और q के स्थान पर क्रमशः क्या आएगा?
Ag - p + NaCl → Ag - q + $NaNO_3$

(a) NO_3 और Cl

(b) Cl और Cl

(c) Cl और NO_3

(d) NO_3 और NO_3

Answer: (a)

94. उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
25, 36, 49, 66, 85,?

(a) 110

(b) 105

(c) 108

(d) 103

Answer: (c)

95. शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (ग्रामीण) - 2021 के [illegible] .021 में सरकारी स्कूलों में नामांकित बच्चों की नामांकन दर कितनी थी?

(a) 65.3%

(b) 70.3%

(c) 67.5%

(d) 72.5%

Answer: (b)

97. नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।
कथन-I: आधुनिक आवर्त सारणी में 18 ऊर्ध्वाधर स्तंभ हैं, जिन्हें समूह कहा जाता है।
कथन-II: आधुनिक आवर्त सारणी में 7 क्षैतिज पंक्तियां हैं, जिन्हें आवर्त कहा जाता है।

(a) दोनों कथन गलत हैं।

(b) दोनों कथन सही हैं।

(c) कथन II सही है, कथन I गलत है।

(d) कथन I सही है, कथन II गलत है।

Answer: (b)

98. निम्न में से कौन सा एंजाइम प्रोटीन का विखंडन करता है?

(a) लाइपेज (Lipase)

(b) एमाइलेज (Amylase)

(c) टायलिन (Ptyalin)

(d) पेप्सिन (Pepsin)

Answer: (d)

99. इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?
कथन: N > M < K = L ≥ I > J
निष्कर्ष:
I. L > J
II. N > L

(a) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

(b) केवल निष्कर्ष I सही है।

(c) केवल निष्कर्ष II सही है।

(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Answer: (b)

100. V, W, X, Y, Z, A और B सात डिब्बे हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। A को W के ठीक ऊपर रखा गया है। B और W के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। V और X के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। X को A के ठीक ऊपर रखा गया है। B को सबसे ऊपर रखा गया है। Z और Y के बी ्तने डिब्बे रखे गए हैं?

(a) दो

(b) एक

(c) तीन

(d) चार

Answer: (c)

Answer key

Answer key as marked in the Railway Recruitment Board's response sheet. "—" means the sheet did not show it clearly.

Computer Based Test

1	**(a)**	2	**(b)**	4	**(c)**	5	**(d)**	8	**(a)**	9	**(d)**
10	**(b)**	11	**(c)**	12	**(d)**	13	**(b)**	14	**(b)**	15	**(a)**
16	**(d)**	17	**(a)**	18	**(d)**	19	**(b)**	20	**(a)**	21	**(b)**
22	**(a)**	23	**(c)**	25	**(a)**	27	**(a)**	28	**(a)**	29	**(a)**
30	**(a)**	31	**(d)**	32	**(c)**	33	**(d)**	34	**(c)**	35	**(a)**
36	**(b)**	37	**(c)**	38	**(c)**	39	**(c)**	40	**(c)**	42	**(b)**
43	**(a)**	44	**(b)**	45	**(c)**	48	**(b)**	49	**(b)**	50	**(c)**
51	**(c)**	52	**(c)**	53	**(a)**	55	**(c)**	56	**(b)**	57	**(a)**
58	**(d)**	59	**(b)**	60	**(d)**	61	**(c)**	62	**(d)**	63	**(d)**
64	**(c)**	65	**(a)**	66	**(a)**	68	**(c)**	69	**(c)**	70	**(a)**
72	**(a)**	73	**(c)**	74	**(b)**	75	**(a)**	76	**(c)**	77	**(d)**
78	**(b)**	79	**(c)**	80	**(c)**	81	**(b)**	82	**(d)**	83	**(a)**
84	**(b)**	85	**(c)**	86	**(b)**	87	**(b)**	88	**(d)**	89	**(d)**
90	**(d)**	91	**(a)**	92	**(a)**	93	**(a)**	94	**(c)**	95	**(b)**
97	**(b)**	98	**(d)**	99	**(b)**	100	**(c)**				